
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

27 जनवरी 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

उदासीनता सबसे बड़ी बीमारी है।

**डॉ. भीमराव अंबेडकर**



राकेश कुमार


27 जनवरी 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

प्रेम कभी भी अधिकार नहीं जताता है, बल्कि यह जीने की स्वतंत्रता देता है।



- रवीन्द्र नाथ टैगोर

Vishwa Vijay Singh

www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
The Change Makers

Email us : teachersofbihar@gmail.com

# दिवस ज्ञान

**27 जनवरी**

Diwas Gyan

विक्रम संवत् 2081, माघ माह, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी तिथि, सोमवार 27 जनवरी 2025

संपादक – शशिधर उज्ज्वल मोबाइल न0– 7004859938 email : ujjawal.shashidhar007@gmail.com

## आज का विचार

"दूसरों के अनुभव से लाभ उठाने वाला बुद्धिमान होता है।"

–स्वामी विवेकानन्द

"It is wise to take advantage of others experience."

-Swami Vivekanand

## आज के दिन

1880– थॉमस अल्वा एडिसन ने बिजली से जलने वाली बल्ब का पेटेंट करवाया।

1900– जर्मन शोधकर्ता फेलिक्स हॉफमन ने पहली बार दर्द की दवा बनाई। इस दवा को इस समय 'एस्प्रिन' कहा जाता था।

1926– स्कॉटिश वैज्ञानिक जॉन लॉगी बेयर्ड ने टेलीविजन को दुनिया के सामने प्रदर्शित किया इसे उस समय 'टेलीवाइजर' का नाम दिया गया था।

1959– नई दिल्ली में पहले इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कॉलेज की आधारशिला रखी गई।

1967– 'अपोलो–I' दुर्घटना में तीन अंतरिक्ष यात्रियों की मौत।

2009– भारत के आर्थिक आठवें राष्ट्रपति आर वेंकटरमन का निधन।

1. **एडीसन द्वारा बल्ब का पेटेंट**– महान आविष्कारक थॉमस अल्वा एडिसन ने 27 जनवरी, 1880 को इलेक्ट्रिक बल्ब को पेटेंट कराया था। 1869 ई. में एडिसन ने अपने सर्वप्रथम आविष्कार 'विद्युत मतदानगणक' को पेटेंट कराया। नौकरी छोड़कर प्रयोगशाला में आविष्कार करने का निश्चय कर निर्धन एडिसन ने अदम्य आत्मविश्वास का परिचय दिया। 1870–76 ई. के बीच एडिसन ने अनेक आविष्कार किए। एक ही तार पर चार, छह, संदेश अलग अलग भेजने की विधि खोजी, स्टॉक एक्सचेंज के लिए तार छापने की स्वचालित मशीन को सुधारा, तथा बेल टेलीफोन यंत्र का विकास किया। उन्होंने 1875 ई. में 'सायंटिफिक अमेरिकन' में 'ईथरीय बल' पर खोजपूर्ण लेख प्रकाशित किया। 1878 ई. मे फोनोग्राफ मशीन पेटेंट कराई जिसकी 2010 ई. में अनेक सुधारों के बाद वर्तमान रूप मिला।
   - संदर्भः विज्ञान भाग 1 पाठ 14, पृष्ठ 163–164 के संदर्भ में बच्चों को बतायें।

2. **अंतर्राष्ट्रीय प्रलय स्मरण दिवस**– होलोकास्ट के पीड़ितों की याद में अंतर्राष्ट्रीय प्रलय स्मरण दिवस प्रतिवर्ष 27 जनवरी को मनाया जाता है। नवम्बर 2005 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने आधिकारिक तौर पर 27 जनवरी को प्रलय पीड़ितो की याद में यह दिवस मनाने की घोषणा किया। हिटलर और उसकी राक्षसी गतिविधियों का एक उदाहरण है होलोकास्ट– वर्ष 1933 से 1945 तक यूरोपीय यहूदियों का सामूहिक उत्पीड़न और विनाश किया गया। यह ऑटोमन साम्राज्य में 20वीं शताब्दी के शुरूआती दिनों मे अर्मेनियाई लोगों के नरसंहार से जुड़ा है।

## दिवस प्रेरणा 27



### कन्फ्यूशियस

( चीन का महान विचारक )

**कम उम्र में ही विवाह हो गया ...**

**संघर्ष**

कन्फ्यूशियस के पिता की पहली पत्नी से कोई पुत्र नहीं था। अतः सत्तर की उम्र में पिता ने विवाह किया। नई पत्नी से कन्फ्यूशियस का जन्म हुआ। कन्फ्यूशियस के जन्म के तीन वर्ष बाद ही पिता का देहान्त हो गया। परिवार को बड़ी गरीबी मे दिन बिताने पड़े और उसे छोटी आयु में ही जीविकोपार्जन करना पड़ा। 19 वर्ष की आयु में उसकी शादी कर दी गई। परिवार चलाने के लिए विद्यालय खोला। उसकी मृत्यु के 200 वर्षों के बाद एक सम्राट ने उसके उपदेश के पुस्तकों को जलाने और नष्ट करने का प्रयास किया। उसके समर्थक विद्वानों को मरवा दिया पर कन्फ्यूशियस की लोकप्रियता को मिटा पाने में असफल रहा।

**सफलता**

कन्फ्यूशियस को विश्व का महान विचारक जाता है। वह यद्यपि एक मनुष्य था, फिर भी चीन में लोग देवता मानकर उसकी पूजा करते हैं। वह न तो धार्मिक अनुष्ठान करता था और न ही धार्मिक उपदेश देता था। समाज और शासन सुधार के लिए उसने जो नियम बनाए, वे ही उसका धर्म बन गए। उसकी प्रतिभा को देखकर 52 वर्ष की उम्र में उसे लू राज्य के एक नगर का शासक बना दिया गया। उसने अपनी कर्तव्यनिष्ठता और ईमानदारी से नगर में ऐसा बदलाव किया की लोग उसकी पूजा करने लगे। वह बिना काम किये धन लेने को कभी तैयार नहीं हुआ।

संकलन : शशिधर उज्ज्वल ई मेल- ujjawal.shashidhar007@gmail.com
प्रस्तुति: टीचर्स ऑफ बिहार contact us : www.teachersofbihar.org \ info@teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

27 जनवरी

मधु प्रिया

## पं.सीताराम चतुर्वेदी का जन्म 27 जनवरी



पं. सीताराम चतुर्वेदी का जन्म 27 जनवरी 1907 को भारत के वाराणसी में एक प्रसिद्ध ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनके पिता पंडित भीमसेन वेदपति चतुर्वेदी वैदिक अध्ययन के विद्वान संस्कृत विद्वान थे। उन्होंने अपनी स्नातक और स्नातकोत्तर शिक्षा बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से प्राप्त की और बाद में विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में कार्य किया। जिन्हें आचार्य सीता राम चतुर्वेदी के नाम से भी जाना जाता है , एक प्रसिद्ध भारतीय शिक्षक, नाटककार और हिंदी और संस्कृत भाषा और साहित्य के विद्वान थेचतुर्वेदी ने हिंदी, संस्कृत और अंग्रेजी में 70 से अधिक नाटक लिखे और कई अन्य में निर्देशन, मंचन और अभिनय किया। वे बंबई के पृथ्वी थिएटर में सक्रिय भागीदार थे और उन्हें अभिनव भारत की उपाधि से सम्मानित किया गया था। उन्होंने भाषा, व्याकरण, साहित्य, नाटक, रंगमंच आदि पर 250 से अधिक पुस्तकें भी लिखीं। कालिदास के संग्रहित कार्यों को संपादित किया ; और मदन मोहन मालवीय ,तुलसीदास और वल्लभाचार्य की जीवनी लिखी ।इन्हें कई पुरस्कार भी मिला जैसे उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा 1999 में 'हिन्दी गौरव' मिला।हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग द्वारा उन्हे 2003 में 'साहित्य वाचस्पति' मिला। हिन्दी गौरव' तथा 'कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय' द्वारा 2003 में सीताराम चतुर्वेदी की डी. लिट् की उपाधि से नवाज गाया।पण्डित सीताराम चतुर्वेदी की मृत्यु 17 फरवरी 2005 को बरेली के निकट हुआ।

# पुण्यतिथि विशेष 27 जनवरी

राकेश कुमार




| | |
|---|---|
| **विशेष योगदान** | वेंकटरमण तमिलनाडु की औद्यागिक क्रान्ति के शिल्पकार माने जाते हैं। इन्होंने ही तत्कालीन मुख्यमंत्री के. कामराज को प्रेरित किया था कि उद्योगों का राष्ट्रीयकरण किया जाए, ताकि तमिलनाडु भारत की औद्योगिक हस्ती बन सके। |
| **अन्य जानकारी** | इन्होंने एक पुस्तक 'माई प्रेसिडेंशियल ईयर्स' शीर्षक से लिखी। इस पुस्तक में इन्होंने अपने राष्ट्रपतित्व काल के पाँच वर्ष की घटनाओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया है। |

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 27.01.2025

## अवलोकनात्मक अधिगम

अवलोकनात्मक अधिगम या सामाजिक अधिगम, दूसरों के व्यवहार को देखकर सीखने की प्रक्रिया है. यह एक स्वाभाविक प्रक्रिया है. इसमें ध्यान, अवधारणा, पुनरुत्पादन, और प्रेरणा शामिल होती है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



ऑस्ट्रेलिया - की 90% आबादी ऑस्ट्रेलिया के सिर्फ़ 0.22% हिस्से में रहती है बाकी एरिया खाली है जो इस देश की खूबसूरती है।

# विभिन्न तत्वों से परिचय

रसायनविज्ञान

वर्ग - 9-10

## तत्व (Element)

### क्लोरीन (Chlorine)

संकेत (Symbol) - **Cl**

परमाणु संख्या (Atomic no.) -17

परमाणु भार (A.weight ) -35.453

समूह (group)-17(हैलोजन)

आवर्त (period)-3

ब्लाक (block)-P

संयोजकता (valancy)-1

समस्थानिक (isotope)-3

इलेक्ट्रॉनिक विन्यास -[Ne]$3s^2 3p^5$




### खोज

1774, कार्ल डब्ल्यू शेले

### भौतिक गुण

जहरीली ,संक्षारक ,हरे पीले रंग की गैस

### रासायनिक गुण

मजबूत ऑक्सीकरण एजेंट ,जल में घुलनशील


### उपयोग

पेयजल ,ब्लीच, कीटाणु नाशक , अम्ल निर्माण में उपयोगी

Anu priya

# ICC मेंस टी-20

## टीम ऑफ द ईयर-2024




- रोहित शर्मा , कप्तान
- ट्रेविस हेड
- फिल साल्ट
- बाबर आजम
- निकोलस पूरन, WK
- हार्दिक पंड्या
- सिकंदर रजा
- राशिद खान
- वानिंदु हसारंगा
- जसप्रीत बुमराह
- अर्शदीप सिंह

# पण्डित सीताराम चतुर्वेदी

**जन्म- 27 जनवरी 1907**
**मृत्यु- 17 फ़रवरी 2005**



Madhu priya

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

# निखिल रंजन बनर्जी

**जन्म-14 अक्टूबर 1931**
**मृत्यु -27 जनवरी 1986**



Madhu priya

/teachersofbihar